BSES

प्रेस रिलीज

31 मार्च तक रोजाना खुलेंगे बीवाईपीएल के बिल भुगतान केंद्र

बीआरपीएल के नकद भुगतान केंद्र रविवार,30 मार्च को खुले रहेंगे

नई दिल्ली: 22 मार्च, 2013। उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) ने अपने 34 लाख उपभोक्ताओं को बिल भुगतान की अतिरिक्त सुविधाएं दी हैं।

समय	**बीआरपीएल**	**बीवाईपीएल**
कैश काउंटर	9 सुबह से 4 शाम	9 सुबह से 3 शाम
बिल कियास्क	8 सुबह से 8 शाम	8 सुबह से 8 शाम
श्रविवार	मार्च 30	23मार्च और 30

बीवाईपीएल–पूर्वी और मध्य दिल्ली

बीवाईपीएल के पूर्वी और मध्य दिल्ली के 14 डिविजन ऑफिसों में स्थित सभी बिल भुगतान केंद्र 31 मार्च 2014 तक सुबह 9 बजे से अपराहन 3 बजे तक रोजाना खुले रहेंगे जिसमें 23 और 30 मार्च का आगामी रविवार भी शामिल है।

उपभोक्ता कंपनी के 14 डिविजन ऑफिसों में बिजली के बिलों का भुगतान नकद भुगतान केंद्रों पर कर सकते हैं। ये केंद्र सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे(12 घंटे) तक खुले रहेंगें। इसके अलावा डिविजन के बिजनेस ऑफिस भी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगें।

सुविधा के लिए, बीवाईपीएल के उपभोक्ता मासिक बिल का भुगतान नीचे दिये गये स्थानों पर भी कर सकते हैं।

डिवीजन	पता
चांदनी चौक	ओएंडएम ऑफिस,हैमिल्टन रोड,दिल्ली.110006
दरियागंज	सहायता केंद्र जामा मस्जिद, दिल्ली .110006
कृष्णानगर	66केवी ग्रिड सब स्टेशन,कांतिनगर ग्रिड,दिल्ली.110051
कृष्णानगर	66केवी ग्रिड सब स्टेशन,कैलाश नगर ग्रिड,दिल्ली.110031
लक्ष्मीनगर	66केवी ग्रिड सब स्टेशन,शकरपुर ग्रिड,दिल्ली.110092
पटेलनगर	सहायता केंद्र,किकरवाला, करोलबाग,दिल्ली 110055
शंकररोड	सब स्टेशन ग्रिड,शास्त्री पार्क, करोलबाग, नयी दिल्ली.110055
यमुना विहार	33केवी ग्रिड सब स्टेशन,यमुना विहार ,दिल्ली .110053

BSES

यमुना विहार	33केवी ग्रिड सब स्टेशन,सीलमपुर ,दिल्ली .110053

बीआरपीएल–दक्षिण और पश्चिम दिल्ली

बीआरपीएल के 19 डिविजन ऑफिस(और हेड ऑफिस) में स्थित नकद बिल भुगतान केंद्र 24 मार्च 2014 से 31 मार्च तक सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच खुले रहेंगे जिसमें 30 मार्च का आगामी रविवार भी शामिल है। इससे उपभोक्ता अपने बिजली बिलों का भुगतान देय तिथि तक कर सकेंगें।

इसके अलावा बीआरपीएल के उपभोक्ता विभिन्न जगहों पर स्थापित 53 बिल भुगतान कियॉस्क पर बिजली के बिलों का भुगतान कर सकतें है। ये सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे (12 घंटे)तक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खुले रहते है।

उपरोक्त दी हुई सुविधा के अलावा बीआरपीएल के उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com के जरिए क्रेडिट/डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग से भी कर सकते हैं। अन्य सुविधाजनक विकल्पों जैसे ईजी बिल,सुविधा और ऑक्सीजेन, ड्रॉप बॉक्स, जीवन सेंटर, आईटीजेड कैश कार्ड आदि से कर सकते है।